विधि – II

(साक्ष्य विधि)

LAW – II

(Law of Evidence)

निर्धारित समय : तीन घण्टे] *[पूर्णांक : 100*

Time allowed : Three Hours] *[Maximum Marks : 100*

नोट : ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है । भाग क, ख एवं ग में से कम से कम* ***एक*** *प्रश्न चुनना अनिवार्य है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।* ***सभी*** *प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

Notes : ***First*** *question is compulsory. Select at least* ***one*** *question from each part A, B and C. In all* ***five*** *questions are to be attempted.* ***All*** *questions carry equal marks.*

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए :

(अ) कब अनुश्रुत साक्ष्य ग्राह्य नहीं होता है ?

(ब) प्रतिपरीक्षा के मुख्य उद्देश्य

(स) निम्नलिखित में से कौन लोक दस्तावेज नहीं है ?

(i) राष्ट्रीय बैंक का अभिलेख

(ii) शव परीक्षण रिपोर्ट

(iii) प्राइवेट वक्फ विलेख

(iv) घटना स्थल के निरीक्षण तथा ज्ञापन पर एक पुलिस अधिकारी के द्वारा दी गई प्रविष्टियाँ

(द) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा ६५(ख) की उपधारा ५(ग) के अन्तर्गत कब कम्प्यूटर उत्पाद को कम्प्यूटर द्वारा उत्पादित किया गया माना जाएगा ?

(य) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा १४ के अन्तर्गत "मन की दशा" क्या प्रगट करती है ?

Write short notes on the following :

(A) When the hearsay evidence is not admissible ?

(B) Main object of the cross-examination.

(C) Which of the following is not a public document ?

 (i) Record of Nationalised Bank

 (ii) Post Mortem Report

 (iii) Private Waqf deed.

 (iv) Entries made by the police officer in the site inspection map and site memo.

(D) Under subsection 5(C) of section 65(B) in Indian Evidence Act when a computer output shall be taken to have been produced by a computer ?

(E) What does the term "Existence of state of mind" denotes under section 14 of the Indian Evidence Act ?

खण्ड – क

PART – A

2. "संस्वीकृति यदि स्वतंत्र एवं स्वैच्छिक है, तो इसका प्रयोग सदैव उसके करने वाले के विरुद्ध किया जाता है एवं संस्वीकृति सह अभियुक्त के विरुद्ध ग्राह्य नहीं है ।" समीक्षा कीजिए ।

"Confession always goes against the maker of it, provided it has been made truly and voluntarily; and confession is inadmissible against the co-accused." Comment.

3. एक व्यक्ति अपनी स्वीकृति गठित करने वाला स्वयं का कथन कब साबित कर सकता है या उसकी ओर से ऐसे कथन को कब साबित किया जा सकता है ? वर्णन करिये ।

When can a person prove his own statement constituting admission or it may be proved on his own behalf ? Discuss.

4. "जब कोई घायल व्यक्ति बोलने में असमर्थ हो, तो वह संकेतों में मृत्युकालीन कथन कर सकता है ।" निर्णीत वादों के आलोक में विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

"Dying declaration may be made by signs, when the injured person is unable to speak." Discuss in detail in view of the decided cases.

खण्ड – ख

PART – B

5. द्वितीयक साक्ष्य से क्या तात्पर्य है ? किन अवस्थाओं में किसी दस्तावेज के अस्तित्व, दशा या अन्तर्वस्तु का द्वितीयक साक्ष्य दिया जा सकेगा ? वाद-विधि की सहायता से विवेचन कीजिए ।

   What is meant by secondary evidence ? In which cases the secondary evidence may be given of the existence condition or contents of a document ? Discuss with the help of case-law.

6. (क) खोजी कुत्ते द्वारा खोजा गया साक्ष्य किस साक्ष्य की श्रेणी में आता है ? वर्णन कीजिए ।

   (ख) "मौखिक साक्ष्य समस्त अवस्थाओं में प्रत्यक्ष ही होगा ।" इस नियम की विवेचना कीजिए एवं इसके अपवादों को इंगित कीजिए ।

   (a) The evidence unearthed by the sniffer dog falls under which category of the evidence ? Discuss.

   (b) "Oral evidence must in all cases be direct." Discuss the rule and also point out its exceptions.

7. (क) भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में "प्रमाणित प्रतियों के असली होने के बारे में अवधारणा की गई है ?" विस्तारपूर्वक वर्णन कीजिए ।

   (ख) वाद-विधि की सहायता से तीस वर्ष पुरानी दस्तावेज के बारे में उपधारणा की व्याख्या कीजिए । इस धारा के संशोधन से अपना परिचय दर्शित कीजिए ।

   (a) In which section of the Indian Evidence Act provision for "presumption as to genuineness of certified copies is given". Discuss in detail.

   (b) Explain with the help of case-law the presumption as to documents thirty years old. Show your acquaintance with the amendn.ent of this section.

खण्ड – ग

PART – C

8. वाद-विधि की सहायता से भारतीय साक्ष्य अधिनियम में विबंध से सम्बन्धित प्रावधानों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the provisions of 'Estoppel' under Indian Evidence Act with the help of case-law.

9. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किन धाराओं में "किसी विवाहित स्त्री द्वारा आत्महत्या की दुष्प्रेरणा के बारे में उपधारणा एवं दहेज मृत्यु के बारे में उपधारणा" का प्रावधान है ? विस्तारपूर्वक वर्णन करिये ।

In which sections of the Indian Evidence Act "The presumption as to abetment of suicide by a married woman and presumption as to dowry death" are given ? Discuss in detail.

10. कब सूचक-प्रश्न मुख्य परीक्षण में अथवा पुन:परीक्षण में अथवा प्रतिपरीक्षा में पूछे जा सकते हैं ? उदाहरण देते हुये विस्तार पूर्वक उत्तर दीजिये ।

When the leading questions can be asked in examination-in-chief, or in re-examinations or in cross examinations ? Answer in detail with illustrations.